

# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष - 2 अंक - 6 अप्रैल - जून 2011

### मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

वित्तीय वर्ष 2010-11 लामडिंग मंडल के लिए संघर्षपूर्ण एवं उपलब्धियों का वर्ष रहा है। मंडल के मीटर लाइन हिल सेक्शन में प्राकृतिक आपदाओं जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों एवं समस-समय पर विघटनकारी प्रवृत्तियों द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों, बम धमाकों, तोड़-फोड़ आदि से जुझते हुए मंडल में रेल यातायात को बहाल रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही। हमने न केवल यातायात एवं माल परिवहन को जारी रखा बल्कि मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर पैदल ऊपरी पुलों का निर्माण, प्लेटफार्मो तथा परिभ्रमण क्षेत्रों का विस्तार कार्य, अनारक्षित टिकट प्रणाली एवं यात्री आरक्षण प्रणाली सरीखे विभिन्न यात्री सुविधाओं के कार्यो को कार्यान्वित करवाए। बी.जी. एवं एम.जी. रेल पथ के चालित लाइनों, पीट लाइनों आदि का विस्तार कर यातायात को सुगमता प्रदान की गई। वक्त की आवश्यकताओं के मद्देनजर दूरसंचार के क्षेत्र में क्वार्ड केबॅल का लगाया जाना, नियंत्रण टर्मिनलों की स्थापना तथा मंडल से मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के बीच विडियो कान्फ्रेसिंग सुविधा स्थापित कर संचार व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाया गया। रेलपथ को मजबूती प्रदान करने हेतु स्लीपरों का घनत्व बढ़ाना, दोहरी गेज प्रणाली के अधीन स्लीपरों को प्रतिस्थापित कर चालित लाइनों की क्षमता में वृद्धि लाने के परिचायक हैं। कर्मचारी कल्याण के क्षेत्र में मंडल में रेलवे हॉस्टल, शिशुनिकेतन, कर्मचारी प्रशिक्षण केन्द्र आदि का निर्माण, नए रेल आवासों का निर्माण, जलापूर्ति में सुधार आदि महत्वपूर्ण उपलब्धियां रही।

प्रकृति एवं मानव संस्कृति के मध्य निरंतर सामंजस्य स्थापित कर क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा बहाल रखना हमारा अंतिम लक्ष्य है और यह रेल सेवा को मजबूती प्रदान करने का एक साधन भी है।

**मंडल रेल प्रबंधक**

### अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से.

लामडिंग मंडल की विषम भौगोलिक अवस्थिति हमारे लिए रेल व्यवस्था को कायम रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। बावजूद इसके हम मंडल में यातायात व्यवस्था में आनेवाले अवरोधों को दूर करने के लिए कृत संकल्प हैं। मंडल की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का छठा अंक आप तक पहुँचाते हुए उम्मीद करता हूँ कि रेलों पर राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार की दिशा में यह निरंतर सहायक सिद्ध होगी। पत्रिकाओं के माध्यम से कार्यालयीन कामकाज को उजागर कर हिंदी के प्रयोग को आसान बनाने का एक प्रयास मात्र है। 'लामडिंग दर्पण' पत्रिका रेलों के लिए प्रेरणा स्रोत बन कर हमारी गतिविधियों को आप तक पहुँचाने का कार्य करती रहे, हमें प्रेरणा प्रदान करती रहे, यह मेरी कामना है।

**अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी**

### 56वॉ रेल सप्ताह समारोह

मंडल में 56वॉ रेल सप्ताह समारोह 19 अप्रैल 2011 को स्थानीय रेलवे इंस्टीच्यूट, लामडिंग में एक रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वर्ष 2010-11 के दौरान मंडल में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के कुल 117 कर्मिकों को एकल नकद पुरस्कार एवं योग्यता प्रमाण-पत्र तथा 38 सामूहिक पुरस्कार एवं योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



दीप प्रज्वलित कर 56वॉ रेल सप्ताह समारोह का शुभारंभ करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मंगलगान, समूह नृत्य, कौव्वाली, गजल तथा भजन आदि प्रस्तुत किए गए। समारोह के दौरान प्रस्तुत सभी कार्यक्रम दर्शकों के लिए आकर्षक, मनभावन, प्रेरणादायक एवं मनोरंजन प्रधान थे।




56वॉ रेल सप्ताह समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का एक दृश्य

### क्षेत्रीय दक्षता शील्ड - मंडल की उपलब्धियां

12 अप्रैल 2011 को क्षेत्रीय मुख्यालय, मालीगॉव के [illegible] में संपन्न 56वॉ क्षेत्रीय रेल सप्ताह समारोह में लामडिंग मंडल को विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए यॉत्रिक दक्षता शील्ड, परिचालन दक्षता शील्ड, बेस्टकेप्ट चिकित्सालय दक्षता शील्ड (लामडिंग रेल चिकित्सालय), बेस्टकेप्ट ईंधन डिपो दक्षता शील्ड (न्यू गुवाहाटी डिपो), राजभाषा दक्षता शील्ड, बेस्टकेप्ट परिवार कल्याण केन्द्र दक्षता शील्ड, बेस्टकेप्ट जलापूर्ति दक्षता शील्ड, बेस्टकेप्ट गाड़ी दीपन/वातानुकूलित दक्षता शील्ड (गुवाहाटी डिपो), बेस्ट इंजन दक्षता शील्ड (न्यू गुवाहाटी एवं लामडिंग डीजल शेड) सहित सर्वोपरि मंडल के लिए दक्षता शील्ड से भी नवादा गया।

## वर्ष 2010-2011 की उपलब्धियों को संजोए हुए मंडल की कुछ भूली-विसरी यॉदें



श्री केशव चन्द्रा, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल से सर्वोपरि दक्षता शील्ड प्राप्त करते हुए श्री अजीत पंडित, मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग मध्य में मुख्य कार्मिक अधिकारी, मालीगॉव



क्षेत्रीय स्तर पर 56वॉ रेल सप्ताह समारोह में मंडल को प्राप्त कुल 11 दक्षता शील्ड का दृश्य

## रेलवे संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर सीमा परिमंडल लामडिंग मंडल में

रेलवे संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर सीमा परिमंडल, श्री बलबीर सिंह ने 19 मई 2011 को ठाकुरकुची एवं नारंगी स्टेशनों के बीच नवनिर्मित अप बी.जी. लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने बदरपुर-सिलचर सेक्शन के सालचापरा एवं अरूणाचल स्टेशनों के बीच के मीटर लाइन रेलपथ को प्रस्तावित बी.जी. लाइन के संरेखण पर स्थायी रूप से तब्दील करने के कार्य का भी निरीक्षण किया। इन परिवर्तित लाइनों पर ठाकुरकुची-नारंगी सेक्शन में 75 कि.मी. प्रति घंटा और सालचापरा-अरूणाचल सेक्शन में 30 कि.मी. प्रति घंटा की रफ्तार से यात्री गाड़ियों को चलाने के लिए उन्होंने मंजूरी प्रदान की। इस दौरान उन्होंने 21/22 मई को अरूणाचल-जीरीबाम सेक्शन तथा सिलचर-लामडिंग सेक्शन का विण्डो ट्रॉयलिंग निरीक्षण भी किया।

## क्रॉसिंग स्टेशन 'पेंचरतल' का शुभारंभ

7 मई 2011 को धर्मनगर-अगरतला मीटर लाइन सेक्शन में पेंचरतल स्टेशन को क्रॉसिंग स्टेशन के लिए प्रारंभ किया गया।

## कामाख्या में परिवर्धित यॉत्रिकीकृत लॉड्री का शुभारंभ

श्री केशव चन्द्रा, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने 14 जून 2011 को कामाख्या स्टेशन परिसर में परिवर्धित यॉत्रिकीकृत लॉड्री का उद्घाटन किया। इस लॉड्री के स्थापित होने से गुवाहाटी से खुलने वाली सभी गाड़ियों में स्वच्छ बेडरोल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।




श्री केशव चन्द्रा महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल परिवर्धित यॉत्रिकीकृत लॉड्री का शुभारंभ करते हुए

## आतंकवाद विरोध दिवस

20 मई 2011 को मंडल कार्यालय परिसर में 11.00 बजे आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे आतंकवाद एवं हिंसा से सदा दूर रहेंगे तथा आतंकवाद को जड़ से खत्म कर देश में अमन-चैन लाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 120वीं जयंती

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में 18 अप्रैल 2011 को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 120वीं जयंती का समारोहपूर्वक पालन किया गया। मंडल के अधिकारियों/कर्मचारियों सहित हमारे संगठित यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भी इस महान नेता को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## पीएनएम बैठक

26 मई 2011 को पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल के मजदूर यूनियन की 82वीं पीएनएम बैठक तथा 81वीं समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

## न्यू गुवाहाटी के आरओएच डिपो में सर्फेश व्हील लेथ मशीन का शुभारंभ

28 अप्रैल 2011 को न्यू गुवाहाटी के आरओएच डिपो में श्री केशव चन्द्रा, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल द्वारा सर्फेश व्हील लेथ मशीन का शुभारंभ किया गया।



श्री केशव चन्द्रा, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल सर्फेश व्हील लेथ मशीन का शुभारंभ करते हुए

## पर्यावरण संरक्षण

विश्व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 13 जून 2011 को मंडल मुख्यालय में मंडल रेल प्रबंधक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित मंडल के अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के अधीन रेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर, विवेकानंद रेल स्टेडियम परिसर, ऑफिसर कॉलोनी परिसर तथा केन्द्रीय विद्यालय परिसर, लामडिंग में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं सदाबहार वृक्षों के पौधे लगाए गए।



रेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का एक दृश्य

## दुर्घटना राहत क्रैन की वैकल्पिक व्यवस्था

मंडल के मीटर लाइन सेक्शन में एकमात्र दुर्घटना राहत क्रैन के अलावा दूसरी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी। मीटर लाइन सेक्शन में अचानक घटने वाली दुर्घटनाओं के दौरान दुर्घटना राहत क्रैन की तकनीकी खराबी, तुरंत राहत कार्य प्रारंभ करने आदि के मद्देनजर वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर उत्तर-पश्चिम रेल से मीटर लाइन क्रैन को लाकर बिना किसी बाहरी सहायता के इसका मरम्मत कार्य कर मीटर लाइन सेक्शन में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में प्रयोग में लाने के लिए तैयार किया गया है।



मरम्मत कार्य कर प्रयोग के लिए तैयार किए गए मीटर लाइन सेक्शन के दुर्घटना राहत क्रैन का चित्र

## एकीकृत वेतन भुगतान प्रणाली

मंडल में सभी कर्मचारियों के वेतन संवितरण प्रणाली में एकरूपता लाने के उद्देश्य से एवं माह के दौरान विभिन्न अवधि के एक ही प्रकार के कार्यों में प्रतिलिपिकरण से बचने के लिए कैलेंडर माह में बिना किसी प्रकार के मैन्युअल कार्य के सभी वेतन अवधियों को एकीकृत परियोजना के अधीन लाने का कार्य सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा किया जा रहा था। मंडल में इसे जून/2011 माह से कार्यान्वित किया गया।

## लामडिंग स्टेशन लाइन संख्या 1 के धुलाई योग्य एप्रोन का नवीकरण

श्री अजीत पंडित, मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग ने 4 जून 2011 को लामडिंग जंक्शन के मीटर लाइन सेक्शन में लाइन संख्या-1 के नवनिर्मित धुलाई योग्य एप्रोन का उद्घाटन किया। इससे लामडिंग स्टेशन परिसर में लाइन संख्या-1 के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने में सफाई कर्मियों को काफी मदद मिलेगा।



नवनिर्मित धुलाई योग्य एप्रोन का उद्घाटन करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित

## अंतर मंडल संगीत, नृत्य एवं नाटक प्रतियोगिता

मंडल में 9 एवं 10 जून 2011 को रेलवे इंस्टीच्यूट, लामडिंग में अंतर मंडल संगीत, नृत्य एवं नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगीत-नृत्य के इस रंगा-रंग कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित ने किया। प्रतियोगिताओं में कुल 47 प्रतिभागियों ने सहभागिता किया। इनमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को स्मृति चिह्न तथा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न तथा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए श्री अजीत पंडित, मंडल रेल प्रबंधक

## कार्मिक कल्याण

- अवधि के दौरान अधिवर्षिता पर सेवानिवृत होने वाले कुल 91 कर्मचारियों के मामलों का निपटारा किया गया।
- मंडल में अनुकंपा के आधार पर 26 अभ्यर्थियों की रेल सेवा में नियुक्तियाँ की गई।

## पीआरईएम बैठक

27 अप्रैल 2011 को लामडिंग मंडल के मजदूर यूनियन, ईम्प्लाईज यूनियन, रेल सुरक्षा बल संगठन, प्रोमोटी अधिकारी संगठन तथा अधिकारी संगठन जैसे सभी ग्रूपों के साथ पीआरईएम बैठक का आयोजन कर मंडल के कामकाज में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया।

## राजभाषा की प्रमुख गतिविधियाँ

### मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में 28 जून 2011 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मंडल में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैठक में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक कार्यसूची पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।




मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए श्री अजीत पंडित, मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग

लामडिंग मंडल को वर्ष 2010-2011 में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में उत्कृष्ठ निष्पादन के लिए क्षेत्रीय स्तर पर 12 अप्रैल 2011 को राजभाषा दक्षता शील्ड प्रदान किया गया।



श्री केशव चन्द्रा, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल से राजभाषा दक्षता शील्ड प्राप्त करते हुए श्री अजीत पंडित, मंडल रेल प्रबंधक मध्य में श्री आर. के. कोईरी, राजभाषा अधिकारी, लामडिंग

- मंडल में हिंदी प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों में से जनवरी-मई 2011 सत्र में लामडिंग, बदरपुर तथा गुवाहाटी क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों से प्रवीण में 33 तथा हिंदी प्राज्ञ परीक्षा में 24 कर्मचारी शामिल हुए।

- अवधि में विभिन्न कार्यालयों/स्टेशनों में टेबल ट्रेनिंग, कार्यशाला तथा मानिटरिंग के माध्यम से कुल 52 कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के अभ्यास करवाए गए। मंडल में आयोजित कुल चार विभागीय परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र अनिवार्य रूप से हिंदी में उपलब्ध करवाए गए।

### पीक्यूआरएस प्रणाली एवं रेलपथ सुदृढ़ीकरण

वर्ष 2010-2011 में लामडिंग-फरकाटिंग सेक्शन के कि.मी. 232.74 से 272.74 तक स्लीपरों के घनत्व एम+4 से एम+8 में विकसित करने का कार्य स्वीकृत किया गया था। इस अवधि में पीक्यूआरएस प्रणाली द्वारा उल्लेखित सेक्शन में 40 कि.मी. तक का कार्य संपन्न करवाया गया था। वर्तमान में यह कार्य नैलालंग-दलदली स्टेशनों के बीच प्रगति पर है। परिणाम स्वरूप मंडल के रेलपथ में ढॉचागत सुधार लाने का प्रयास जारी है।



नैलालंग-दलदली सेक्शन में चल रहे पीक्यूआरएस कार्य का दृश्य

### यात्री सुविधाएं

**अनारक्षित टिकट प्रणाली :** मंडल में अप्रैल-जून 2011 की अवधि में चन्द्रनाथपुर, काटाखाल, बिहारा, सालचापरा, अरूणाचल, पंचग्राम, हिलारा एवं सुकृतिपुर स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्रणाली स्थापित किए गए।

**अनारक्षित टिकट सह यात्री आरक्षण प्रणाली :** कुमारघाट स्टेशन पर अनारक्षित टिकट सह यात्री आरक्षण प्रणाली का शुभारंभ किया गया।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस का पालन

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेडियम, लामडिंग में 7 अप्रैल 2011 को वाक्एथम एवं मेराथन रेस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, स्कूली बच्चों सहित स्थानीय जनता ने बढ़-चढ़ का हिस्सा लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य रेल कार्मिकों तथा स्थानीय जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक एवं सचेत करना था।




विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का एक दृश्य



हमारी राष्ट्रभाषा की गंगा में देशी और विदेशी सभी शब्द मिलकर एक हो जाएंगे।

● डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद

**संरक्षक**
अजीत पंडित
मंडल रेल प्रबंधक

**मुख्य संपादक**
सतीश कोठारी
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

**संपादन एवं सहयोग**
बलदेव सिंह
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय

आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी